दिन– गुरुवार दिनांक– 06 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने कहा– प्रदेश के सभी जिलों में असर्वेक्षित भूमि का भी सर्वेक्षण होगा।

02. रेलवे ने कर्मचारियों की विभागीय पदोन्नति परीक्षाएं निरस्त की। अब रेलवे भर्ती बोर्ड के माध्यम से होगा परीक्षा का आयोजन।

03. राजगीर में कल से आयोजित होने वाले महिला कबड्डी विश्व कप के कार्यक्रम में बदलाव। जून में होगा प्रतियोगिता का आयोजन।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण प्रदेश के विभिन्न भागों में तापमान में गिरावट। मौसम विभाग ने कहा –आठ और नौ मार्च को कुछ स्थानों पर हो सकती है बारिश।

————————————————————————

प्रदेश के सभी जिलों में असर्वेक्षित भूमि का भी सर्वेक्षण किया जायेगा। यह सर्वे जिलों में जारी सर्वेक्षण और बंदोबस्त का काम समाप्त होने के बाद किया जाएगा। राजस्व और भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने विधान परिषद में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में चार मार्च को ही विभागीय निर्देश जारी किये जा चुके हैं। एक अन्य सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि असर्वेक्षित भूमि के अतिरिक्त टोपोलैंड का भी सर्वे कराया जाना है। इस संबंध में एक कमेटी का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि विधि विभाग का मंतव्य प्राप्त होने के बाद कमेटी टोपोलैंड के संबंध में अपना सुझाव देगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

————————————————————————

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि प्रदेश के शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया अगले दो महीनों में पूरी कर ली जाएगी। विधानसभा में एक सवाल का जवाब देते हुये उन्होंने कहा कि तबादले से असंतुष्ट शिक्षकों के लिए जिला, प्रमंडल और राज्य स्तर पर कमिटी का गठन किया गया है।

———बाइट———

————————————————————————

राज्य सरकार गंगा नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए प्रयासरत है। वन और पर्यावरण मंत्री डॉक्टर सुनील कुमार ने विधानसभा में कहा कि गंगा को स्वच्छ

बनाने के लिए बत्तीस सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किये जा रहे हैं। इनमें से तेरह प्लांट अब तक बन चुके हैं। प्रश्नकाल के दौरान राजद विधायक मुकेश यादव के सवाल के जवाब में श्री कुमार ने कहा कि पटना के मनेर, दानापुर, फुलवारीशरीफ और बाढ़ में कुल चार एसटीपी की स्थापना हो चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण पर्षद की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष दो हजार बीस–इक्कीस से लेकर वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस तक गंगा जल की गुणवत्ता में क्रमिक सुधार पाया गया है। मंत्री ने बताया कि सभी एसटीपी बन जाने के बाद गंगा जल मानव उपयोग के लायक हो जायेगा।

———————————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिए कुछ और सड़कों को चिन्हित किया जा रहा है। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने विधानसभा में एक प्रश्न के जवाब में कहा कि प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग की लम्बाई भले ही कम है लेकिन क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से यह राष्ट्रीय औसत से डेढ़ गुना अधिक है। उन्होंने बताया कि नये एनएच घोषित करने के लिए सड़कों को चिन्हित किया जा रहा है। श्री नवीन ने बताया कि राज्य में प्रति एक लाख की आबादी पर चार दशमलव पांच चार किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग हैं।

———————————————————————

ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अगले दो वित्तीय वर्ष के भीतर अठारह हजार किलोमीटर लम्बी सड़कें बनाई जाएंगी। विधानसभा में एक सवाल के जवाब में श्री चौधरी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसमें से नौ हजार किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य इस वित्तीय वर्ष में पूरा हो जायेगा। शेष सड़क क निर्माण कार्य अगले वर्ष पूरा कर लिया जायेगा।

———————————————————————

पंचायती राज मंत्री केदार गुप्ता ने कहा है कि महिला हितैषी पंचायतों को पन्द्रहवें वित्त आयोग की पच्चीस प्रतिशत राशि खर्च करने का अधिकार होगा। श्री गुप्ता पटना में राज्यस्तर पर महिला हितैषी ग्राम पंचायत निर्माण विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आठ मार्च को अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी ग्राम पंचायतों में महिला सभा का आयोजन किया जायेगा।

———————————————————————

सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा है कि विभाग के तहत इस वर्ष एक लाख लोगों को रोजगार दिया जायेगा। पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में श्री कुमार ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार मिलकर सहकारिता की विभिन्न योजनाओं के

माध्यम से पैक्सों समेत अन्य समितियों में तेजी से रोजगार सृजन कर रही है। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर राज्य में पैक्सों और व्यापार मंडलों के माध्यम से गेहूं, चना और मसूर की खरीद की जायेगी।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रदेश के आठ जिलों के दस हजार सात सौ उनतालीस शिक्षकों को नौ मार्च को पटना के गांधी मैदान में नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। इनमें पटना, नालंदा, भोजपुर, जहानाबाद, अरवल, सारण, वैशाली और मुजफ्फरपुर जिलों के विशिष्ट शिक्षक शामिल है। शिक्षा विभाग की प्राथमिक शिक्षा निदेशक साहिला ने बताया कि शेष तीस जिलों के शिक्षकों को नियुक्ति पत्र संबंधित जिले में ही दिये जायेंगे। इस दौरान इक्यावन हजार तीन सौ नवासी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिये जायेंगे। ये सभी शिक्षक बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित तीसरे चरण की नियुक्ति प्रक्रिया में चयनित हुये हैं।

———————————————————————

प्रदेश के गांवों में विवादों का स्थानीय स्तर पर समाधान करने के लिए ग्राम कचहरियों की अदालत लगेगी। पंचायती राज निदेशक आनंद शर्मा ने बताया कि प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को ग्राम कचहरी बैठक कर विवादों की सुनवाई करेगी। श्री शर्मा ने उप विकास आयुक्तों और जिला पंचायत राज पदाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग बैठक में यह जानकारी दी।

———————————————————————

रेलवे बोर्ड ने कर्मचारियों की विभागीय पदोन्नति परीक्षाएं रेलवे भर्ती बोर्ड के माध्यम से कराने का निर्णय लिया है। रेलवे के अनुसार सभी विभागीय पदोन्नति परीक्षाएं केन्द्रीयकृत परीक्षा सीबीटी के माध्यम से करायी जायेंगी। पूर्व मध्य रेलवे के जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि सभी क्षेत्रीय रेलवे परीक्षा के लिए कैलेंडर बनाया जायेगा। इसी के आधार पर परीक्षाएं आयोजित की जायेंगी। गौरलतब है कि लोको पायलट की विभागीय परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद यह फैसला किया गया है।

———————————————————————

राजगीर में कल से आयोजित होने वाली विश्व कप महिला कबड्डी चैंपियनशिप के कार्यक्रम में परिवर्तन किया गया है। अमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार अब यह प्रतियोगिता इस वर्ष जून महीने में आयोजित होगी। इस चैंपियनशिप में भारत समेत पन्द्रह देशों की टीमें शामिल होंगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कई टीमों को वीजा नहीं मिलने और मार्च महीने में होने वाले त्योहारों के मद्देनजर यह बदलाव किया गया है।

इधर, आईसीसी चैंपियंस ट्राफी क्रिकेट के दूसरे सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। फाइनल मुकाबला भारत और न्यूजीलैंड के बीच नौ मार्च को दुबई में खेला जायेगा।

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय की पूर्व उप कुलसचिव कुमारी अंजना को पद से हटाने का आदेश रद्द कर दिया है। न्यायालय ने कहा कि राज्यपाल को गलत आदेश पारित करने के लिए विशेष कर्तव्य न्यायिक अधिकारी और विशेष कर्तव्य अधिकारी ने जानबूझ कर महत्वपूर्ण तथ्यों को छुपाया है। इस आधार पर कुलाधिपति को गलत आदेश पारित करने के लिए गुमराह किया गया है। न्यायालय ने ओएसडी के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

———————————————————————

परिवहन विभाग ने स्कूली बच्चों को ले जाने वाले वाहनों के लिए दिशा—निर्देश जारी किये हैं। जारी निर्देश के अनुसार एक अप्रैल तक सभी स्कूल बसों में जीपीएस, सीसीटीवी और स्पीड गवर्नर लगाना अनिवार्य होगा। वाहनों की गति सीमा चालीस किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक नहीं होगी। परिवहन मंत्री शीला मंडल ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा को देखते हुये ये निर्देश जारी किये गये हैं।

———————————————————————

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण तापमान में उतार—चढ़ाव जारी है। तेज पछुआ हवा के कारण अधिकांश स्थानों का अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से दो से चार डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। इससे सुबह और शाम के समय लोगों को ठंड का ऐहसास हो रहा है। वहीं, तेज धूप के कारण दिन के तापमान में असामान्य वृद्धि रिकॉर्ड की गयी। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि आठ और नौ मार्च को किशनगंज, भागलपुर, बांका और जमुई समेत राज्य के पूर्वी भागों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है।

———बाइट———

———————————————————————

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता पर्षद की ओर से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, आईटीआई प्रवेश परीक्षा के लिए आज से आवेदन लिये जायेंगे। अभ्यर्थी सात अप्रैल तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। यह परीक्षा ग्यारह मई को आयोजित होगी।

———————————————————————

उत्पाद विभाग ने अरवल में एक ट्रक से पांच हजार सात सौ सैंतीस लीटर से अधिक शराब बरामद की है। इस सिलसिले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सभी पंजाब के रहने वाले हैं।

———————————————————————

सीबीआई की टीम ने सीतामढ़ी के इंडियन बैंक की बथनाहा शाखा प्रबंधक विशाल कुमार को दस हजार रूपये की रिश्वत लेते हुये गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार प्रबंधक पर लोन दिलाने के नाम पर रिश्वत लेने का आरोप है।

———————————————————————

जमुई जिले के खैरा में एसएसबी और एसटीएफ की टीम ने संयुक्त अभियान में जमुई—नवादा सीमावर्ती इलाके से भारी संख्या में हथियार, देसी बंदूक और कारतूस बरामद किये हैं।

———————————————————————

गया के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सराफा बाजार में पुलिस ने छापेमारी कर आभूषण दुकानों में चोरी करने वाली गिरोह के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने पैंतालीस लाख रूपये, चार सौ तिहत्तर किलो चांदी की सिल्ली और कई जेवरात जब्त किये हैं।

———————————————————————

महिला दिवस के अवसर पर बिहार ललित कला अकादमी की ओर से महिलाओं के लिए आठ से इक्कीस मार्च तक एप्लिक/कशीदा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन पटना स्थित भारतीय नृत्य कला मंदिर में किया जायेगा।

———————————————————————

अरवल जिले में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन और प्रधानमंत्री लघु उद्योग उन्नयन योजना के तहत आयोजित ऋण शिविर में विभिन्न बैंकों द्वारा लाभुको के बीच अट्ठाईस लाख रुपए से अधिक की राशि के ऋण की स्वीकृति दी गई।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है— मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बारह सौ करोड़ रूपये विभिन्न खातों में किया हस्तांतरित तीन लाख लाभुकों को पीएम आवास की पहली किस्त जारी।

दैनिक जागरण की विशेष खबर है– अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दी दो अप्रैल से भारत पर भी पारस्परिक शुल्क लगाने की धमकी।

दैनिक भास्कर लिखता है– राज्य के दो सौ तिरेपन नगर निकायों में फूल विक्रेताओं के लिए वेंडिंग जोन बनेंगे।

प्रभात खबर ने लिखा है– पच्चीस वर्ष बाद फाईनल में भिड़ेंगे भारत और न्यूजीलैंड।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य सरकार ने कहा– प्रदेश के सभी जिलों में असर्वेक्षित भूमि का भी सर्वेक्षण होगा।

02. रेलवे ने कर्मचारियों की विभागीय पदोन्नति परीक्षाएं निरस्त की। अब रेलवे भर्ती बोर्ड के माध्यम से होगा परीक्षा का आयोजन।

03. राजगीर में कल से आयोजित होने वाले महिला कबड्डी विश्व कप के कार्यक्रम में बदलाव। जून में होगा प्रतियोगिता का आयोजन।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण प्रदेश के विभिन्न भागों में तापमान में गिरावट। मौसम विभाग ने कहा –आठ और नौ मार्च को कुछ स्थानों पर हो सकती है बारिश।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।